तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

11 गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर जिलेभर में ...

12 हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने ...


## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने आरोपी शुभम उर्फ सूबा को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में संलिप्त अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कालाअंब के सुनील कुमार ने 15 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दुर्गा कॉलोनी में स्थित उसके व अन्य के घर से आरोपी ने सिलेंडर चोरी किए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मोबाइल स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी कमल सिंह को गिरफ्तार किया है। झीड़ीवाला गांव के अमित ने 29 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह अपने दोस्त के साथ झीड़ीवाला रोड पर करियाना स्टोर से सामान लेने के आया था। पीछे से मोटरसाइकिल सवार आरोपियों ने झपटा मारकर उससे उसका मोबाइल छीन लिया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी से एक बड़ी रकम हड़पने व पासपोर्ट न देने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी राष्ट्र सम्राट को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### लूट के तीन नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा अनाज मंडी में युवक से मारपीट कर मोबाइल व नगदी लूट के तीन नाबालिग आरोपियों को समालखा अनाज मंडी गेट के पास से गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि उनकी टीम ने वीरवार को गश्त के दौरान सूचना के आधार पर समालखा अनाज मंडी गेट के पास संदिग्ध किस्म के तीन युवकों को हिरासत लिया था।

### जान से मारने की धमकी दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी डिपो में डीलरों से मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व टेंकर से तेल चोरी मामले में वीरवार को और दो आरोपियों को जीटी रोड सेक्टर 18 मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान करनाल के कुताना गांव निवासी रामजुहारी व पिंटू के रूप में हुई।

### कृषि संकल्प अभियान में शिरकत करेंगे चौहान

**पानीपत।** विकसित कृषि संकल्प अभियान -2025 के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर प्रशासन व संबंधित विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कर दिया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर आज अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने जिला सचिवालय कार्यालय में कृषि विभाग, मत्स्य, बागवानी, पशुपालन विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी।

### थानेसर में आज 15 मिनट का ब्लैकआउट

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य की आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 31 मई को जिला कुरुक्षेत्र में ऑपरेशन शील्ड नामक एक प्रमुख राज्यव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने जा रही है। अभ्यास भारत सरकार के गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर हवाई हमलों, ड्रोन हमलों और अन्य युद्धकालीन परिदृश्यों को लेकर किया जाएगा।

## श्याम सिंह राणा ने कादराबाद में नक्षत्रा बायोफ्यूल प्लांट का किया उद्घाटन

# इथेनॉल उत्पादन से रोजगार और किसानों को होगा लाभ

- नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में पेट्रोल और डीजल में उपयोग होने वाला इथेनॉल तैयार किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री


इंद्री। गांव कादराबाद के पास नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने इंद्री के गांव कादराबाद के निकट 11 एकड़ भूमि पर स्थापित नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन किया। प्रबंध निदेशक सुरेंद्र गोयल, कौशल कुमार अग्रवाल, निदेशक अंकिता अग्रवाल और सरल अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ मंत्री का स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कंपनी के संचालकों से संयंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में पेट्रोल और डीजल में उपयोग होने वाला इथेनॉल तैयार किया जाएगा। इस सयंत्र की स्थापना से आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और किसानों को भी इससे काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति और प्रगति में निजी कंपनियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कुछ वस्तुओं के आयात पर देश का धन विदेशों में जाता है, यदि ये वस्तुएं देश में ही बनें तो धन की बचत होगी और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के निर्माण से भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है और यदि इसी प्रकार विकास होता रहा तो 2047 से पहले ही भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों के हित में कई कदम उठाए हैं। हाल ही में, 2025-26 खरीफ सीजन के लिए धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल और कपास के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि करके किसानों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कृषि में रासायनिक खादों के अधिक प्रयोग से होने वाले नुकसानों पर प्रकाश डाला और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीन की सेहत ठीक होगी तो मनुष्य की सेहत भी ठीक रहेगी। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो रही है और जल, वायु और मृदा प्रदूषण बढ़ रहा है। इसलिए, प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक है। प्राकृतिक खेती से मिट्टी में जीवाणुओं की वृद्धि होती है और कम लागत में अधिक पैदावार होती है। इस मौके पर कंपनी के ओर से शिव शंकर रैड्डी सहित काफी संख्या मे क्षेत्र के किसान मौजूद रहें।

## स्कूल शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली समझ से परे

**अंबाला।** हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने पत्र जारी कर जून की छुट्टियों में 2 से 8 जून तक सभी स्कूलों में भाषा कैंप लगाने के निर्देश दिए है अभी इन दिनों जब तापमान 40 से 50 डिग्री तक जा चुका है। आगामी दिनों में ये तापमान 50 डिग्री से ऊपर जा सकता है तो कैंप के तुगलकी फरमान जारी करना समझ से परे है।वैसे भी शिक्षा विभाग को वेकेशन डिपार्टमेंट के तहत माना जाता है। इस विभाग पर नॉन वेकेशन डिपार्टमेंट के नियम लागू नहीं हो सकते। राजकीय अध्यापक संघ-70 जिला प्रधान रमेश कुमार और जिला महासचिव पुष्पिंदर धारीवाल ने कहा कि अध्यापक संघ विभाग के इस फैसले का पुरजोर विरोध करता है। स्कूल शिक्षा विभाग इस पत्र को तुरंत प्रभाव से वापिस ले।साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग में अभी टीजीटी से पीजीटी प्रमोशन जिसमें इतिहास,राजनीति शास्त्र,भूगोल सहित अन्य विषयों की लगभग 3500 पदों की प्रमोशन लिस्ट निदेशालय स्तर पर पेंडिंग है।

## दो पक्षों का जमीन पर कब्जे का प्रयास, थाने में किसी ने नहीं दी शिकायत

# नप की 5 एकड़ जमीन पर लगा बोर्ड उखाड़ा विज ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए

- इस मामले में अब एफआईआर से पता चलेगा कि यह बोर्ड किसने हटाया
- विज ने गुरुवार को विकास कार्यों को लेकर रेस्ट हाउस में नगर परिषद अधिकारियों की बैठक ली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला छावनी में बर्फखाना की कीमती जमीन पर लगे नगर परिषद (एनपी) के बोर्ड के गायब होने के मामले में अब मंत्री अनिल विज ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री अनिल विज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए खुद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बर्फखाना रोड पर एक कीमती जमीन को लेकर नगर परिषद ने दो बोर्ड लगाए थे जिसमें इस जमीन को सरकारी जमीन बताया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि यहां से एक बोर्ड रातों-रात गायब हो गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब एफआईआर से पता चलेगा कि यह बोर्ड किसने हटाया है। विज ने बताया कि वीरवार को उन्होंने विकास कार्यों को लेकर रेस्ट हाउस में नगर परिषद अधिकारियों की बैठक ली थी। बैठक में एसडीएम को एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच की जाएगी कि यह बोर्ड किसने हटाया है। हालांकि इस जमीन के दूसरी तरफ बोर्ड लगा हुआ है लेकिन बैंक रोड की तरफ बर्फखाना की जमीन पर लगे बोर्ड के हटने की बात सामने आई है। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है। बता दें कि बर्फखाना की करीब पांच एकड़ जमीन पर की अढाई-अढाई एकड़ की दो रजिसट्रियां हैं। बताया जाता है कि इस जमीन को लेकर सौ करोड़ रुपये का सौदा हुआ है। हालांकि यह अभी चर्चाओं में हैं जबकि इन चर्चाओं के बीच यह कीमती जमीन विवादों में आ चुकी है। मामला उस समय सुर्खियों में आया जब इस जमीन पर जेसीबी चलाकर सफाई करने की कोशिश की। एक पक्ष द्वारा इसका विरोध करने पर मामला अंबाला कैंट थाना पहुंचा। यहां दोनों पक्षों ने अपनी बात तो रखी लेकिन एक दूसरे के खिलाफ शिकायत नहीं दी थी। इसके बाद नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर 14 मई को यहां बोर्ड लगा दिया था। इसमें बताया गया था कि यह जमीन सरकार की है। इस जमीन की खरीद फरोख्त नहीं हो सकती। न ही इस पर प्लाटिंग हो सकती है। इस जमीन पर कई लोगों के रिहायशी मकान थे। इन सभी को खाली करवाने की प्रक्रिया करीब तीन साल से चल रही है। इन सभी को सेटलमेंट के साथ मकान खाली करवाए गए। इसी तरह कुछ प्रोपर्टी को कोर्ट केस के माध्यम से भी खाली कराया गया है। हालांकि अभी भी काफी कमर्शियल गतिविधियां यहां चल रही हैं।



# असंध में अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की है कि अवैध कालोनियों में अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा मत लगाएं

जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि असन्ध में एक अवैध कालोनियों के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। यह अवैध कॉलोनी लगभग 3 एकड़ में असन्ध बाई पास पर बस स्टैण्ड के पीछे गीता कॉलोनी के साथ स्थित है। जिसमें 1 निर्माणाधीन मकान, 8 डीपीसी,सीवर नेटवर्क व सभी कच्ची सड़कों के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनकार, करनाल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना असन्ध, जिला की पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रही। जिला नगर योजनाकार, करनाल ने लोगो से अपील कि की कोई भी व्यक्ति अवैध कालौनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोड़फोड की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोड़फोड़ की कार्रवाई जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाये जाएंगे।


तरावड़ी। नगर पालिका के कर्मचारी अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए।

# अतिक्रमण को लेकर नपा ने दी कड़ी चेतावनी

- करनाली गेट, मेन बाजार, काटजू नगर तरावड़ी में योगा शेड वाला एरिया, शहीद भगत सिंह मार्केट, वार्ड 6 व 7 के डिस्पोजल पॉइंट तक अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सचिव नगर पालिका तरावड़ी के आदेशानुसार शहर तरावड़ी में लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। शहर में जिन जगहों पर या जिन सडक़ों पर अतिक्रमण की समस्या पनप रही है वहां पर जाकर नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती और परविंदर सिंह लाउडस्पीकर की सहायता से लोगों को जागरुक कर रहे है और साथ में अतिक्रमण के प्रति सख्त हिदायतों से भी अवगत करा रहे हैं। नगर पालिका के मोटीवेटरों द्वारा चेतावनी दी गई कि शहर में जिन लोगों ने अतिक्रमण की समस्या को बढ़ा रखा है वे तीन दिनों के अंदर अपने सामान को व्यवस्थित तरीके से अपनी दुकान या अपने घर में रखने का प्रबंध कर ले अन्यथा तीन दिनों की समय अवधि के बाद नगर पालिका तरावड़ी की तरफ से अतिक्रमण करने वालों का चालान किया जाएगा और साथ में उनका सामान नगर पालिका द्वारा जप्त कर लिया जाएगा। पिछले दिनों यह अभियान करनाली गेट, मेंन बाजार, काटजू नगर तरावड़ी में योगा शेड वाला एरिया, शहीद भगत सिंह मार्केट, वार्ड नंबर 6 व 7 के डिस्पोजल पॉइंट से लेकर फ्लाईओवर तक यह अभियान चलाया गया।



## डॉ नितिन गोयल को कराधान एवं वित्तीय क्षेत्र में मिला ऑनरेरी डॉक्टरेट

- साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी ने दिया सम्मान

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल डायरेक्टर एवं एनकेजी एसोसिएट्स के निदेशक डॉ नितिन कुमार गोयल को साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा कराधान एवं वित्तीय क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों की विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में लगातार किए जा रहे उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में करनाल के टेक्स बार एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेट्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ नितिन कुमार गोयल को कराधान एवं वित्त क्षेत्र में लगातार किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के निदेशक सेल्वम ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मथुरा के पूर्व सांसद एवं पूर्व राज्य मंत्री राजा मानवेंद्र सिंह एवं एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा उपस्थित रहे। डॉ नितिन कुमार गोयल भारत विकास परिषद कर्ण शाखा के वाइस प्रेसिडेंट है, वह हरियाणा में एमएसएमई से जीएसटी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले हरियाणा के पहले व्यक्ति रहे, डॉ नितिन गोयल आयकर विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न सेमिनारों में अतिथि वक्ता के रूप शिरकत करते हैं।

13 जून 2023 में मामला दर्ज किया ग्या था

# बच्चियों से यौन उत्पीड़न करने वाले को 5 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग बच्चियों से यौन उत्पीड़न करने के आरोपी थाना शाहाबाद एरिया वासी व्यक्ति को 5 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 13 जून 23 को थाना शाहाबाद एरिया वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी 7 व 5 साल की दो नाबालिग पोती हैं। 13 जून 23 को शाम के समय करीब 6 बजे उसकी दोनों पोतियां घर के पीछे खाली जगह में खेल रही थी। उसी समय घर के पीछे से लड़कियों के रोने की आवाज सुनी। जब उसने जाकर देखा तो उसके गांव का एक लड़का उसकी नाबालिग पोतियों के साथ गलत काम कर रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच महिला पीएसआई कमलेश कुमारी द्वारा अमल में लाई गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपये जुमार्ना तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## छात्रों ने पार्टी में मचाया धमाल, जमकर की मस्ती



**बराड़ा।** शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को एक विशेष पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों के लिए न केवल एक राहत बनकर आया, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान और उत्साह भी ले आया। सुबह से ही स्कूल परिसर में उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला, जब बच्चों को उनकी पसंदीदा वेनिला, चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी जैसी विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम वितरित की गई। ठंडी-ठंडी आइसक्रीम के स्वाद के साथ बच्चों ने इस क्षण का भरपूर आनंद उठाया। पार्टी के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए संगीत, नृत्य और खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकगण भी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।

# कनाडा भेजने के नाम पर ठगे दस लाख रुपये

**यमुनानगर।** महिला ने एक पुरुष के साथ मिलक युवक से उसे कनाडा भेजने के नाम पर दस लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जगाधरी वर्कशॉप निवासी महेश कुमार के पुलिस को बताया कि वह पढ़ाई करने के लिए कनाडा जाने के लिए घूम रहा था। इस दौरान शहर की आईटीआई के नजदीक उसकी मुलाकात आरती व योगेश से हो गई। उन्होंने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। इसलिए वह उसे भी कनाडा भेज देंगे। इस दौरान आरोपियों ने कनाडा भेजने के लिए 22 लाख रुपये खर्च आने की बात कही। उस समय वह आरोपियों के झांसे में आ गया और कनाडा जाने के लिए राजी हो गया। इसके दो दिन बाद आरोपी महिला आरती ने उसे फोन कर दो लाख रुपये और दस्तावेज मांगे। उसने आरोपी को दो लाख और दस्तावेज दे दिए। इसके बाद फिर आरती ने उससे तीन लाख रुपये लिए। इस तरह आरोपी आरती ने योगेश के साथ मिलकर उससे दस लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोप है कि कुछ बाद आरोपियों ने उसे ऑफर लेटर दिया जो फर्जी निकला। जिसके बाद उसने आरोपियों से अपने पैसे और दस्तावेज दिए जाने की मांग की। मगर आरोपियों ने उसे पैसे देने से मना कर दिया और जाति सूचक शब्द बोलकर उसे झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर मौके से भगा दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी।

## खबर संक्षेप

### नलकूपों से चोरों ने चुराई पांच बिजली की मोटर

**यमुनानगर।** गांव करेहड़ा खुर्द के किसानों के खेतों में लगे नलकूपों से चोरों ने बिजली की पांच मोटरें चोरी कर ली। पुलिस ने किसानों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। गांव करेहड़ा खुर्द निवासी किसान नीरज, कुलदीप सिंह, सुदर्शन व बृजमोहन ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने अपने खेतों में नलकूपों पर बिजली की मोटरें लगाई हुई थी। आरोप है कि बीती रात चोरों ने उनके नलकूपों से लाखों रुपये कीमत की बिजली की पांच मोटरें चोरी कर ली।

### स्वास्थ्य जांच में जांचा 170 लोगों का स्वास्थ्य

**यमुनानगर।** जागृति सेवा मंच के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के कैंप में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 170 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान मंच की ओर से मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गई। लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए जागरुक किया गया। डॉ. गुलशन ने मरीजों को गर्मी के मौसम में खान पान में ऐहतियात बरतने व तेज धूप में सिर ढांप कर ही बाहर निकलने की सलाह दी। मौके पर गुलाब सिंह, रवि, मोहित, सौरभ व रामचंद्र आदि मौजूद थे।

### फर्जी इंस्टा आइडी बना डाली आपत्तिजनक पोस्ट

**यमुनानगर।** जगाधरी में एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर उसके पंद्रह वर्षीय बेटे के नाम से फर्जी इंस्टा आइडी बनाकर आपत्तिजनक अश्लील फोटो पोस्ट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जगाधरी शहर में एक व्यक्ति ने दी शिकायत में बताया कि उनके पंद्रह वर्षीय बेटे के नाम किसी ने फर्जी इंस्टाग्राम आइडी बनाकर कुछ आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर दी। इस पोस्ट को उसके बेटे के कुछ दोस्तों ने देख लिया। उन्होंने इस बारे में उन्हें सूचना दी। सूचना के बाद उन्होंने अपने बेटे की इंस्टा आइडी चैक की तो उसमें आपत्तिजनक पोस्ट डाली हुई थी। उन्होंने तेजस नामक युवक व उसके पिता व मां पर मिली भगत करके उनके बेटे की फर्जी आइडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का आरोप लगाया है।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में जिलास्तरीय समारोह आयोजित

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिलाओं के लिए थी अग्रदूत : डॉ. स्वाति

- समारोह में मुख्यातिथि के रुप में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. स्वाति गाबा ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर






**यमुनानगर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष में आयोजित जिलास्तरीय समारोह में मंचासीन अन्य समेत मुख्यातिथि व समारोह में भाग लेते हुए गणमान्य। फोटो : हरिभूमि

पुण्यश्लोका लोकमाता अहित्याबाई होल्कर त्रिशती जन्मजयंती आयोजन समिति के तत्वावधान में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्मजयंती के उपलक्ष्य में शहर के विद्या मंदिर स्कूल में जिलास्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. स्वाति गाबा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में साहित्यकार बलदेव राज मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ओमपाल ने की। वहीं, आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह राम कुमार, जिला संघ चालक रमेश धारीवाल व बनारसी दास ने संयोजक की भूमिका अदा की।

मुख्यातिथि डॉ. स्वाति गाबा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर महिलाओं के लिए अग्रदूत थीं। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा पर जोर दिया और सती प्रथा को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो कार्य किए उन्हें सदियों तक याद रखा जाएगा। भारतीय संस्कृति व सभ्यता का विकास किया। राज्य की भलाई के लिए कार्य किए। संस्कृति को बचाए रखने के लिए उन्होंने मुगलों द्वारा तोडे गए मंदिरों का जीर्णोधार किया।

मौके पर साहित्यकार बलदेव राज ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन में जो कार्य किए वे आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वहीं, समाजसेवी ओमपाल ने कहा कि सामाजिक समरसता मंच के माध्यम से आज पूरे देश में अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती मनाई जा रही है। उनकी जीवनी को घर घर तक पहुंचने का काम किया जा रहा है। वे एक न्यायप्रिय शासिका थी। जिसे सदियों तक याद किया जाएगा। जबकि सह विभाग कार्यवाह राम कुमार ने कहा कि देश में ऐसे विमर्श गढे गए जिससे महिलाओं की तस्वीर को दूसरे नजरिए से पेश किया गया। जबकि प्राचीन काल से महिलाओं ने युद्ध लडने व अन्य कार्यों में बढचढ कर भाग लेने का काम किया है। ऑपरेशन सिंदूर में भी महिलाएं ही अग्रणीय रहीं। जगाधरी में अहिल्याबाई होल्कर को याद करना राष्ट्रीयता की निशानी है। उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में काम किए। उन्होंने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई ने 138 मंदिरों को जीर्णोधार किया। सेना में महिलाओं को भर्ती किया और पर्दाप्रथा को समाप्त किया। कार्यक्रम के दौरान जानवरों के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रही मॉडल टाउन निवासी रूचि थापर व पाल समाज से कोचिंग के बिना नीट परीक्षा पास करने पर कुमारी पलक को सम्मानित भी किया गया।

रमेश धारीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया । साथ ही कहा कि सभी विरांगनाओं को मुख्य धारा में लाकर महिला सशक्तिकरण को जागृत करेंगे।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में चीफ सेनेटरी अनिल नैन को ज्ञापन सौंपते हुए सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# सफाई कर्मचारियों की मांगों को जल्द करें पूरा : मनोज

- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के सदस्यों ने मांगो को लेकर निगम के चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल नैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के सदस्यों ने शुक्रवार को अपनी मांगो को लेकर नगर निगम यमुनानगर के सीएसआई अनिल नैन को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगे पूरी किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूनियन के यमुनानगर के प्रधान मनोज कुमार ने किया।

यूनियन के प्रधान मनोज कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को दर्जन भर सफाई कर्मचारी निगम कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निगम के सीएसआई अनिल नैन के कार्यालय में पहुंचकर उन्हें अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की मांगे लंबे अर्से से लंबित पड़ी हैं। जिन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है। मौके पर सीएसआई अनिल नैन ने प्रतिनिधिमंडल के साथ उनके ज्ञापन में दी गई मांगो पर विचार विमर्श किया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी जितनी भी मांगे हैं उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर यूनियन के सचिव विजय मंडेबर, संगठन सचिव कश्मीरी लाल, प्रचार सचिव राजेश कुमार, मुख्य स्लाहकार श्याम चंद, राजपाल, जितेंद्र व हरिदास आदि मौजूद रहे।

# लोगों को वितरित किए मिट्टी के कसोरे

- ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज की रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों ने लोगों को वितरित किए कसौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर




**यमुनानगर।** रादौर में पक्षियों के लिए मिट्टी के कसोरे वितरित करते हुए रोट्रेक्ट क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज नाचरौन की रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों ने गर्मी के मौसम में पक्षी प्यासे ना रहे के लिए लोगों को मिट्टी के कसोरे वितरित किए। इस दौरान लोगों को मिट्टी के कसोरों में पानी भरकर अपने घरों की छतों व घर के आसपास खाली पड़े स्थानों पर रखने के लिए आहवान किया। ताकि कोई भी पक्षी गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण प्यासा ना रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के प्रधान भव्य सैनी ने किया।

रोट्रेक्ट क्लब के प्रधान भव्य सैनी ने कहा कि आजकल गर्मी का मौसम चल रहा है। गर्मी के कारण पक्षी पानी की तलाश में इधर उधर भटकते रहते हैं। जिनकी प्यास बुझाने के लिए रोट्रेक्ट क्लब ने मिट्टी के कसोरे लोगों में वितरित करने का अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत लोगों को मिट्टी के कसोरे वितरित किए जा रहे हैं। ताकि लोग मिट्टी के कसोरो में पानी भरकर अपने घरों की छतों व मुंडेर पर रख सकें। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य है कि पक्षियों के लिए अपने घरों की मुंडेर पर पानी भरकर रखें। ताकि कोई भी जिससे हम प्रकृति को बचा सकें। रोट्रेक्ट क्लब की ओर से लोगों को जागरूक करने के लिए मुहिम चलाई गई है। जिससे सभी लोग जागरूक होकर पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध करवा सकें। इस अवसर पर रोट्रेक्ट क्लब के इरफान खान, कार्तिक, अनुज, वजीम, अन्य, आर्यव्रत, मानसी, मीनाक्षी, माही, गगन, सुरभि व पायल आदि मौजूद रहे।

# आय दोगुनी करने के उद्देश्य से किसानों को दी नई जानकारियां

- कृषि विज्ञान केंद्र दामला में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. ▸▸ रादौर



**यमुनानगर।** कृषि विज्ञान केंद्र दामला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र दामला की ओर से प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य नवीनतम कृषि तकनीकों, अनुसंधान निष्कर्षों व उन्नत कृषि मॉडल को खेतों तक पहुंचाना रहा, ताकि जिले के किसानों की आय में वृद्धि हो सके और सतत कृषि को बढ़ावा मिले।

अभियान के अंतर्गत रादौर, बापौली, घिल्लोर, राजहेड़ी, कंदरोली, खुर्दबन, जठलाना, अलाहर, एमटी करहेड़ा में 700 से अधिक किसानों से संपर्क कर उन्हें उन्नत तकनीकों जैसे फसल विविधीकरण, सूक्ष्म पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण उपाय, कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई।

इसके अलावा किसानों को खेतों की मिट्टी व पानी की जांच, फसल अवशेष प्रबंधन, उर्वरक सिफारिशों पर विशेष बल दिया गया। अभियान में किसानों को उन्नत किस्मों, संवेदनशील कृषि उपकरणों तथा प्रदर्शन इकाइयों के माध्यम से हाथों-हाथ प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की टीम ने व्यक्तिगत रूप से गांवों का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान सुझाया। कृषि विज्ञान केंद्र के संयोजक डॉ.संदीप रावल ने बताया कि यह अभियान किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अनुसंधान संस्थानों में विकसित तकनीकों का लाभ खेतों तक पहुंचे। अभियान को सफल बनाने में केवीके की समर्पित टीम, वैज्ञानिकों, तकनीकी सहायक एवं प्रशासनिक स्टाफ का विशेष योगदान रहा। मौके पर इंजीनियर कपिल, डॉ.विशाल गोयल, अनिल कुमार, डॉ.आशमा खान, डॉ.करण सैनी व डॉ.कविंदर आदि मौजूद थे।

# ईश्वर तक पहुंचने के लिए नाद की साधना जरूरी : डॉ.देवेंद्र वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित वेबिनार के दौरान उपस्थित प्राध्यापक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में इंडियन नॉलेज सिस्टम एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ऑन लाइन वेबिनार कम ओपन हाउस डायलॉग का आयोजन किया गया। वेबीनार का विषय भारतीय शास्त्रीय संगीत की दार्शनिक तात्विक चेतना एवं संवेदनशीलता के प्रारूप एवं सार का पुनः अवलोकन रहा।

राष्ट्रीय संगीत के परिवार के अध्यक्ष डॉ.देवेंद्र वर्मा बजरंग बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। उन्होंने संगीत परंपरा का परिचय देते हुए उस पर गहन चर्चा की और कहा कि नाद ब्रह्म स्वरूप है। सभी ध्वनियां नाद रूप हैं, इस सृष्टि में जो निरंतर है वह नाद है। ईश्वर तक पहुंचने के लिए नाद की साधना आवश्यक है। उन्होंने संगीत को कुंडलिनी साधना से जोड़ते हुए कहा कि जब हम कुंडलिनी जागरण करते हैं तो ब्रह्मस्वरूप नाद को जागृत करना होता है। उन्होंने संगीत की दार्शनिकता सिद्ध करते हुए मानवीय संवेदना से जोड़ा और कहा कि आधुनिक पीढ़ी को संगीत एवं संस्कृत दो विषय अनिवार्य होने चाहिए। संगीत परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। उसका स्वरूप बदलता रहता है। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष अंगीरस ने किया। मौके पर डॉ. सुभाष, सतीश वोहरा, अरुण कुमार, रविंद्र कुमार आदि ने संगीत नाद की प्रासंगिकता पर ऑनलाइन विचार सांझा किए। मौके पर संगीत विभाग अध्यक्ष डॉ. नीता द्विवेदी, हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. किरण शर्मा, डॉ. अनिता मोदगिल, विवेक, डॉ. दीपिका घई व डॉ. रंजना कांबोज आदि मौजूद थे।



### योग गंभीर बीमारियों से दिला सकता है मुक्ति : सीमा

**यमुनानगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शुक्रवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय बैंक कॉलोनी यमुनानगर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सीमा शर्मा ने विद्याथियों को यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्याध्यापक सुखबीर सिंह ने की। विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सीमा शर्मा ने योगाभ्यास कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पदमासन, वज्रासन, भुजंगासन,अर्ध चक्रासन, हलासन, वृक्ष आसन आदि विभिन्न यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंने मौके पर विद्यार्थियों को योग के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शारीरिक शिक्षिका सीमा शर्मा ने बताया कि योग करने से मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहता है। सभी को आधे से एक घंटा योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से गंभीर से गंभीर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। मौके पर स्कूल के मुख्याध्यापक सुखबीर सिंह ने बताया कि जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता के आदेशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विद्यालय में योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में निरंतर योगाभ्यास करवाया जाता है। मुख्याध्यापक ने बताया कि उनके विद्यालय के बच्चों ने इससे पहले खंड स्तर व जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जा चुका है। इस वर्ष योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में भी विद्यालय के बच्चों की विशेष भागीदारी रहेगी। उन्होंने बच्चों को योग के लाभ बताते हुए कहा कि हमें योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

# यातायात के नियमों की करें पालना : नरेंद्र

- कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में रादौर थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



**यमुनानगर।** मुकंदलाल स्कूल रादौर में बच्चों को नशा से दूर रहने के लिए जागरुक करते हुए मुख्य वक्ता एवं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में नशा मुक्ति व यातायात के नियमों की पालना के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रादौर के मुकंदलास सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में रादौर थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने व यातायात के नियमों की पालना करने के लिए आहवान किया।

मुख्य वक्ता एवं रादौर थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने विद्यार्थियों को समझाया कि नशा जैसी बुराई से उन्हें दूर रहकर अपना मानसिक, शारीरिक व शैक्षणिक विकास करना चाहिए। ताकि वह अपना भविष्य बनाकर देश की उन्नति में सहायक बन सकें। उन्होंने कहा कि आज युवाओं में नशा तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिस पर अंकुश लगाना बेहद जरुरी है। थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने कहा कि वाहन चलाते समेय हेल्मेट का प्रयोग करें व यातायात के नियमों की कड़ाई से पालना करें। बिना लाइसेंस के वाहन ना चलाएं। ट्रैफिक के नियमों का पालन कर हम अपने आपको व दूसरों का जीवन बचा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी। रादौर थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने कहा कि साइबर क्राइम से बचने के लिए हमें अपना ओटीपी किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए। वहीं, सोशल मीडिया पर हमें किसी अंजान व्यक्ति द्वारा भेजा गया लिंक नहीं खोलना चाहिए। जिससे हमारा बैंक अकाउंट खाली हो सकता है।

### अधिकारियों को दिए समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के निर्देश

# महापौर ने तिलक नगर में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** तिलक नगर में लोगों की समस्याएं सुनतीं मेयर सुमन बहमनी।

महापौर सुमन बहमनी ने शुक्रवार को शहर के तिलक नगर का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही लोगों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

महापौर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर 20 के तिलक नगर में पार्षद विक्रम राणा के साथ इलाके का दौरा किया। उन्होंने कॉलोनी की गली-गली में जाकर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था व अन्य नागरिक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। लोगों से जनसंवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी। जिसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने गलियों व नालियों की सफाई और सार्वजनिक स्थानों से गंदगी के ढेर खत्म करने पर विशेष ध्यान दिया।

मौके पर क्षेत्रवासियों ने सफाई व्यवस्था के साथ-साथ जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और सड़कों की खराब हालत जैसी शिकायतें भी महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

महापौर बहमनी ने कहा कि वह हर सुख-दुख में जनता के बीच और जनता के साथ खड़ी हैं। निरीक्षण के दौरान जो भी समस्याएं सामने आई, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर उनकी प्राथमिकता है और इसमें सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा करें और सुनिश्चित करें कि नागरिक सुविधाओं में कोई कमी न रहे। उन्होंने स्थानीय निवासियों से भी आह्वान किया कि वे शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग दें। घर व दुकान से निकलने वाला कचरा केवल निगम के वाहन में ही डालें। उसे खुले, खाली प्लाट या नालों में न डालें।

# शराब ठेकेदारों को प्रशासन करवाएगा सुरक्षा मुहैया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** उपायुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में शराब ठेकेदारों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

जिला उपायुक्त कार्यालय में शराब ठेकेदारों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने बैठक में ठेकेदारों की समस्याएं सुनी। शराब ठेकेदारों ने हालहि में ठेकों पर हुई फायरिंग की घटना पर चिंता व्यक्त की गई। उपायुक्त ने शराब ठेकेदारों को सुरक्षा दिए जाने का आश्वासन दिया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शराब ठेकेदारों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन पूरी तरह उनके साथ है। उन्हें पूरी सुरक्षा मुहैया करवाई जाएगी और हर संभव मदद की जाएगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शराब ठेकेदारों को बताया कि पुलिस प्रशासन को उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह सचेत कर दिया गया है। शराब के संवेदनशील ठेकों पर और गोदामों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा ठेकेदारों के हित के लिए वर्ष 2025-27 में आबकारी नीति को संशोधित भी किया गया है। उन्होंने मौके पर शराब ठेकेदारों को ठेकों की बोली बेफिक्र होकर लगाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और भविष्य में एसी कोई घटना ना हो उसके लिए पूरी तरह से प्रयासरत हैं। उन्होंने सभी ठेकेदारों से ठेकों की नीलामी में बढ़चढ़ कर बोली लगाए जाने की अपील की। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा और नीलामी संबंधित सभी व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए। मौके पर नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, डीटीसी एक्साईज आलोक पासी, एईटीओ सतबीर सिंह, एक्साइज इंस्पेक्टर अनिल कुमार, मोहन आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए चल रहा सर्वे

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा साथी कैंपेन चलाया गया है। इसके तहत बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए सर्वे करवाया जा रहा है ताकि उनके आधार कार्ड बन सके। सीजेऐम नीतिका भारद्वाज ने कहा साथी कैंपेन का उद्देश्य है बेसहारा बच्चों का आधार कार्ड बनवाना , क्योंकि आधार कार्ड बहुत जरुरी कागजात है।

### पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में ग्रीष्मकालीन रूचि शिविर 9 से

**थानेसर।** कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, कुरूक्षेत्र द्वारा छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने और उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति को व्यावहारिक रूप से विकसित करने के उद्देश्य से 9 जून से 13 जून तक छात्र रूचियों पर आधारित विभिन्न विषयों में व्यक्तिगत प्रशिक्षण के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र के शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम विभिन्न कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के शैक्षणिक अनुकूलता के आधार पर छः संकायों में आयोजित किए जाएगें और इस बार स्कूली विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए खगोल विज्ञान एवं रसायन विज्ञान पर आधारित दो नए संकाय शुरू किए जाएंगे।

### माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तीन छात्रों की हुई प्लेसमेंट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के 3 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान प्रसिद्ध इंडस्ट्री में चयन हुआ है। विभाग के अध्यक्ष प्रो. नीरज कुमार ने बताया कि विभाग की छात्रा आरजू व प्राची को पैनेसिया बायोटेक, लालरू पंजाब में प्रशिक्षु वैज्ञानिक अधिकारी के रूप में चुना गया है जबकि प्रीतिका को सरस्वती शुगर मिल्स लिमिटेड, यमुनानगर हरियाणा में प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में चुना।

### बाल संस्कार कार्यशाला दो जून से

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा विद्यार्थियों में संस्कारों का समावेश करने के लिए बाल संस्कार कार्यशाला का आयोजन 2 जून सोमवार से 7 जून शनिवार तक किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल ने बताया कि यह बाल संस्कार कार्यशाला कुरुक्षेत्र के सुंदरपुर रेलवे फाटक के नजदीक सेक्टर 9 में स्थित सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में 2 जून से 7 जून तक आयोजित की जाएगी।

### सीएम राज्य स्तरीय जयंती समारोह में करेंगे शिरकत

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं राज्य स्तरीय जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन पिपली अनाज मंडी में किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के सभी पुख्ता इंतजाम कर दिए गए है। इस राज्य स्तरीय जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे।

### बच्चों को अपने इतिहास, धर्म और मूल्यों से जोड़ना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी : परमिंदर बाठ

# गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर जिला भर में कार्यक्रमों का आयोजन

### बच्चों को गुरु अर्जन देवजी के जीवन, कर्तव्यों और महान बलिदान के बारे बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर जिला भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 के विद्यार्थियों को गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में ले जाया गया। इस विशेष अवसर पर बच्चों ने शबद कीर्तन, सामूहिक अरदास, और लंगर सेवा में भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु जी के बलिदान, शिक्षाओं और सिख इतिहास से अवगत कराना था। गुरुद्वारे में ग्रंथीजी ने बच्चों को गुरु अर्जन देव जी के जीवन, कर्तव्यों और महान बलिदान के विषय में विस्तार से बताया। गुरु अर्जन देव जीः सहिष्णुता, सेवा और सत्य के प्रतीक गुरु अर्जन देव जी सिख धर्म के पांचवें गुरु थे। उन्होंने ह्यआदि ग्रंथह्ण का संकलन किया और अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर (हरमंदिर साहिब) की स्थापना की। उन्होंने जीवन भर मानवता, सेवा और भक्ति का संदेश दिया। सन् 1606 ई. में, जब मुगल सम्राट जहाँगीर ने उन्हें जबरन धर्म परिवर्तन के लिए यातनाएं दीं, तब भी गुरु जी ईश्वर में अटूट श्रद्धा और साहस के साथ डटे रहे। तपते तवे पर बैठाए जाने और गर्म रेत डाले जाने जैसी अमानवीय पीड़ा सहने के बाद भी उन्होंने अपनी आस्था नहीं छोड़ी और धर्म की रक्षा हेतु शहीद हुए। छात्रों में दिखी श्रद्धा और सीखने की ललक विद्यार्थियों ने पूरे भाव से गुरुद्वारे में भाग लिया और इस अनुभव को प्रेरणादायक व ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी का जीवन उन्हें सच्चाई और साहस की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रेरणादायक पहल विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को अपने इतिहास, धर्म और मूल्यों से जोड़ना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। मुख्य अध्यापिका सुनीता रानी ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य के मार्ग पर चलना कभी आसान नहीं होता, लेकिन वही मार्ग सबसे श्रेष्ठ होता है। बच्चों को यह शिक्षा जीवन भर प्रेरणा देती है।

### श्रीकृष्ण आयुष विवि ने गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर लगाई छबील



**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा राहगीरों को मीठा शरबत वितरित कर मानवता और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया।

इस मौके पर कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान,कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, प्रोक्टर प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला, डॉ. रविराज, आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो.वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी, उपकुलसचिव विकास शर्मा, अधीक्षक राम निवास, वित्त अधिकारी अशोक कुमार ग्रोवर एवं एक्सईन भूपेंद्र सिंह समेत विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री गुरु अर्जुन देव जी के समक्ष शीश नवाया और स्वयं भी शरबत वितरण में भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि श्री गुरु अर्जुन देव जी ने अपार यातनाओं के बावजूद अपना धर्म नहीं छोड़ा। उन्हें तपते तवे पर बैठाया गया, उबलते पानी में डाला गया और शरीर पर गर्म रेत डाली गई, लेकिन उन्होंने किसी भी परिस्थिति में सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी का बलिदान सत्य सहिष्णुता और मानव सेवा की अद्वितीय मिसाल है। उनकी शिक्षाएं हमें हर परिस्थिति में धैर्य, करुणा और परोपकार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। आयुष पद्धति भी सेवा,संतुलन और समरसता की भावना को पोषित करती हैं और ऐसे आयोजनों से विद्यार्थी इन मूल्यों को जीवन में अपनाना सीखते हैं।



## अभिभावकों और संतान के बीच अच्छे मधुर सकारात्मक संबंधों का हो निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी गेट नंबर दो स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर ऑडिटोरियम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केन्द्र के तत्वावधान में अच्छे पालन-पोषण के लिए मनोविज्ञानिक प्रेरक सुझाव : सीमाएं स्थापित करना, संबंधों का प्रबंधन करना विषय पर माता-पिता व अभिभावकों हेतु आयोजित सेमिनार में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहीं। मलिक ने कहा कि सिर्फ़ सीमाएं निर्धारित करने से ही काम नहीं चलने वाला अभिभावकों और संतान के बीच अच्छे मधुर सकारात्मक संबंधों का निर्माण होना चाहिए। उन्हें यह महसूस करने की जरूरत है कि असफलता यह तय नहीं करती कि वे अपने माता-पिता से मिलने वाले प्यार के लायक हैं या नहीं। माता-पिता बच्चों के लिए भावनात्मक रूप से उपलब्ध रहें, उन्हें अपनी दुनिया तलाशने के लिए भरोसा, आत्मविश्वास देकर गलतियों से सीखने की अनुमति देते हुए समस्या-समाधान जैसे गुणों को विकसित करें। माता-पिता और संतान के बीच आपसी मधुर रिश्तों के निर्माण हेतु जरूरी है ध्यान लगाकर सक्रिय बने रहकर सुनना, सहानुभूति और मान्यता दें, गुणवत्तापूर्वक समय बिताएँ, सकारात्मक संवाद स्पष्ट नियम और अपेक्षाएं स्थापित करते हुए लागू रखें, सकारात्मक भाषाशैली, प्रशंसा, प्रोत्साहन, अच्छा व्यवहार, आपसी सम्मान, पारिवारिक गतिविधियों में संलिप्तता जरूरी है तुलना तिरस्कार कभी नहीं करना चाहिए। परामर्शदाता नीरज कुमार ने कहा कि भावनात्मक अभिव्यक्ति के अवसर देकर मूल समस्या पर गौर करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रिंसिपल डॉ सचिंदर कौरा ने कहा कि अभिभावकों का सहयोग मिलेगा तभी किशोरावस्था के समूह के बच्चे सही पथ प्रदर्शित होंगे।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति कोर्डिनेटर मीना, राज कुमार, राज्य बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य नीरज कुमार, मनीष, अभिभावक विनोद वर्मा, सुनील वत्स, वीरेंद्र इत्यादि की रही।

## सहनशीलता की याद दिलाता है गुरु अर्जुन देव का बलिदान



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंडिपेंडेंट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी पर्व के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की डीन बिल्डिंग के सामने मीठे जल की छबील लगाई गई। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को ठंडा, मीठा और शुद्ध पानी वितरित किया जाता है, जो न केवल शरीर को ताजगी देता है, बल्कि गुरु अर्जुन देव जी की करुणा, सेवा और सहनशीलता की याद भी दिलाता है। जल की सेवा ही मानव ही सच्ची सेवा है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी सिख धर्म के पांचवें गुरु थे, जिनका बलिदान सिख इतिहास में एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने यह दिखाया कि सत्य के मार्ग पर चलने के लिए किसी भी कठिनाई को सहना पड़ सकता है। इस महान बलिदान की स्मृति में सिख संगतें और समाज के लोग मीठे पानी की छबील लगाते हैं।

## राज्य स्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह

- बासिल बिजू को प्राप्त हुआ प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** विजेता विद्यार्थी को सम्मानित करते जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो . महासिंह पूनिया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में हिंदी पत्रकारिता दिवस एवं राज्य स्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर विवेक चावला, निदेशक युवा एवं संस्कृति कार्यक्रम विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंचार संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने की। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता से संस्थान और विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में डॉक्यूमेंट्री के जरिये उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. विवेक चावला ने कहा कि युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए है जो निरंतर अपना कार्य कर रहा है उसी के प्रयास में राज्यस्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता का आयोजन जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान तथा युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी लेखन शैली, भाषण शैली पर अधिक ध्यान देना होगा ताकि वे अपनी रचनात्मकता का अधिक उपयोग कर सके। उन्होने विद्यार्थियों को हिंदी पत्रकारिता दिवस और राज्यस्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता पुरस्कार प्राप्त करने वालो को बधाई दी और आगे बढ़ते रहने के हर अवसर पर पूर्ण रूप से कार्य करने आह्वान किया। संस्थान के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. आबिद अली ने कार्यक्रम संचालन किया और कार्यशाला इंचार्ज जितेंद्र रोहिल्ला ने हिंदी पत्रकारिता दिवस एवं राज्य स्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह में धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

**हेमंत शर्मा को प्राप्त हुआ द्वितीय पुरस्कार**

राज्यस्तरीय डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम पुरस्कार- 11000 हजार रुपये केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के बासिल बिजू को प्राप्त हुआ वही द्वितीय पुरस्कार-5100 रुपये, हेमंत शर्मा, जे.सी. बॉस विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद, तृतीय पुरस्कार-3100 रुपये, वैश्नवी, जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, चौथा पुरस्कार-2100 रुपये ऐश्वर्या मौर्य, आर्य पी.जी. कॉलेज, पानीपत मिला। इसके अतिरिक्त चार 1100 रुपये के सांत्वना पुरस्कार नीतिश, आर्य पीजी कॉलेज पानीपत, निमिशा, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार, और हिबा पीके, केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ को दिए गए।

**पत्रकारिता दिवस ऐतिहासिक पहल की शुरूआत का दिन**

जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन अंग्रेजी शासन काल में हिंदी को क्रांति के संचार की भाषा बनाने की पहली और ऐतिहासिक पहल की शुरूआत का दिन था। यह दिन उस ऐतिहासिक पल की याद दिलाता है जब भारत में पहली बार हिंदी भाषा में अखबार प्रकाशित हुआ। 30 मई 1826 को उदंत मार्तंड नाम के साप्ताहिक अखबार ने भारत में हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी थी। इस समाचार पत्र ने भारत में हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी जो वर्तमान में दौर में देश ही नहीं बल्कि दुनिया में अपना अलग ही महत्व रखती है।

## आयुष विवि में 1.40 करोड़ की लागत से मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर तैयार

- मरीजों को जल्द मिलेगी जनरल सर्जरी, नेत्र चिकित्सा और प्रसव संबंधी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। विश्वविद्यालय परिसर में 1.40 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। आने वाले समय में मरीजों को जनरल सर्जरी, नेत्र चिकित्सा और प्रसव संबंधी सेवाएं यहीं पर उपलब्ध कराई जाएंगी। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने नवनिर्मित ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया और इसे जल्द प्रारंभ करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यह सुविधा विश्वविद्यालय के आयुर्वेद चिकित्सा के साथ-साथ आधुनिक तकनीक के समन्वय का प्रतीक है,जिससे रोगियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। इस मौके पर आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी, प्रोफेसर डॉ. आशु, प्रसूति विभाग से वैद्य सुनीति तंवर, एलएनजेपी अस्पताल से डॉ. गुरप्रीत सिंह, पं. दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी से बायोमेडिकल इंजीनियर विनोद, एलएनजेपी अस्पताल से प्रेम कुमार (बीएमई) और अन्य तकनीकी अधिकारी निरीक्षण में मौजूद रहे।

### धर्मनगरी से युवक लापता, केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी से एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लापता युवक सागर की मां रेखा निवासी क्योड़क जिला कैथल ने बताया कि सागर पिछले पांच वर्षों से गीता धाम कुरुक्षेत्र में नौकरी करता था। सागर से उसकी रोजाना फोन पर बात होती थी लेकिन एक मई से सागर से फोन पर कोई बात नही हुई और न ही वह मिलने के लिए उसके पास आया। उसे पता चला है कि सागर बिना बताए कही चला गया है। रेखा ने पुलिस को शिकायत देकर सागर की तलाश किए जाने की गुहार लगाई है।

## योग शिविर में साधकों को करवाया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** हड्डी रोग निवारण शविर में योगाभ्यास करते भारतीय योग संस्थान के साधकगण।

भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के कृष्ण योग जिला द्वारा झांसा रोड़ स्थित जिंदल पार्क में 26 मई से आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा हड्डी रोग निवारण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। शिविर के अंतिम दिन संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने उपस्थित साधकों को टांगों, बाजुओं व गर्दन की सूक्ष्म क्रियाएं करवाने के बाद गहरे लंबे श्वास, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्रोच्चारण का अभ्यास करवाया। जिला प्रधान देवी दयाल सैनी ने प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश सहित सभी उपस्थित अधिकारियों व साधकों का शिविर में पहुंचने पर अभिनंदन किया । प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश द्वारा निषेध, विधि व लाभ बताकर योगासनों व प्राणायाम का अति सुंदर अभ्यास करवाया गया। उन्होंने साधकों को बहुत बारीकी से योग के टिप्स दिए। शिविर में आई तीन साधिकाओं ने बहुत सुंदर हास्यासन करवाया। शिविर के आरंभ से लेकर अब तक प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवं संस्थान के पूर्व संगठन मंत्री डॉ मनीष कुकरेजा, पूर्व मंत्री मानसिंह, संगठन मंत्री एवं प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर सहित कई अन्य योग विशेषज्ञ साधकों को योगाभ्यास करवाने के साथ-साथ हड्डी रोगों से संबंधित विभिन्न विषयों पर अलग-अलग दिन व्याख्यान दे चुके हैं। जिला प्रचार मंत्री सतीश शर्मा ने प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश, संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर, पूर्व मंत्री मानसिंह, जिला मंत्री हेम सिंह राणा, जिला संगठन मंत्री विपन गुप्ता, जोन प्रधान रामकरण शर्मा व जितेंद्र तलवार, अन्य अधिकारियों सहित सभी उपस्थित साधक साधिकाओं का शिविर में पधारने पर धन्यवाद किया।



**कुरुक्षेत्र।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते विद्यालय के डायरेक्टर व अन्य।

## स्पेल बी प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान करवाना

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा तृतीय से अष्टम के विद्यार्थियों के लिए स्पैल बी प्रतियोगिता करवाई गई। सभी विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का परिणाम कक्षा स्तर पर घोषित किया गया। प्रत्येक कक्षा से पहले दस विजेताओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने बताया कि स्पेल बी प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को अंग्रेजी शब्दों की वर्तनी लिखने की कोशिश करनी होती है। स्पेल बी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान और कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है इसमें कठिनाई स्तर होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा आदि रहे।

### शिक्षक विद्यार्थियों की रुचियों को पहचानकर उन्हें सही दिशा में प्रेरित कर सकते हैं : ऋतु सिंगला

# गीता निकेतन विद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** कार्यशाला में मौजूद विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह व शिक्षकगण।

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में शिक्षकों के सतत विकास को ध्यान में रखते हुए करियर गाइडेंस पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों को प्रभावी करियर मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आवश्यक ज्ञान और कौशल से सुसज्जित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु आशुतोष गौड़ निदेशक, सरस्वती विद्या निकेतन, अंबाला एवं ऋतु सिंगला प्राचार्य ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, रादौर प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। ऋतु सिंगला ने करियर मार्गदर्शन का शैक्षिक परिप्रेक्ष्य विषय पर बोलते हुए शिक्षकों को बताया कि 21वीं सदी में करियर मार्गदर्शन केवल काउंसलर की भूमिका तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षक भी छात्रों के जीवन-निर्माण में एक मार्गदर्शक के रूप में योगदान दे सकते हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने करियर विकास के प्रमुख घटक आत्म-चेतना, अवसरों की खोज, निर्णय क्षमता एवं लक्ष्य निर्धारण की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने शिक्षकों को यह भी बताया कि कक्षा में पढ़ाते समय किस प्रकार इन बिंदुओं को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास से जोड़ा जा सकता है। कार्यशाला के अग्रिम सत्र में आशुतोष गौड़ ने शिक्षकों को विभिन्न करियर क्षेत्रों जैसे पारंपरिक पेशे (चिकित्सा, अभियंत्रण, प्रशासन), नवाचार आधारित क्षेत्र (एआई, डेटा साइंस, डिजाइन), एवं वैकल्पिक करियर (खेल, संगीत, सामाजिक सेवा) आदि की जानकारी दी। साथ ही साथ डिजिटल संसाधनों के माध्यम से करियर से संबंधित जानकारी तक कैसे पहुँचें इसके बारे में भी बताया। कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरूआत में आशुतोष गौड़ ने करियर सूचना का संप्रेषण के बारे में शिक्षकों को बताया कि वे किस प्रकार छात्रों तक करियर संबंधी प्रामाणिक, अद्यतन और उपयोगी जानकारी पहुँचा सकते हैं। ऋतु सिंगला ने करियर मार्गदर्शन में शिक्षकों की भूमिका का पुनरावलोकन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों की रुचियों, क्षमताओं और अभिरुचियों को पहचानकर उन्हें सही दिशा में प्रेरित कर सकते हैं। चर्चा के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि शिक्षकों को करियर मार्गदर्शक की भूमिका को कक्षा शिक्षण, व्यावहारिक गतिविधियों और संवाद के माध्यम से समेकित करना चाहिए। अतः कार्यशाला अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रही। इसने शिक्षकों को नई सोच व दृष्टिकोण प्रदान किया, जिससे वे अपने विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन दे सकेंगे। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण हेतु दोनों विषय विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### ऑप्रेशन शील्ड के तहत की बैठक, 31 को मॉक ड्रिल

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में ऑप्रेशन शील्ड के तहत बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ऑप्रेशन शील्ड के तहत जो गतिविधियां की जाएंगी उसको लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 31 मई को सरकार के दिशा-निर्देशानुसार ऑप्रेशन शील्ड के तहत प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल एवं सायरन बजने की गतिविधि की जाएगी।

### किसानों को विकसित कृषि संकल्प की दी जानकारी

**अंबाला।** विकसित कृषि संकल्प अभियान का सभी गावों में किसानों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। गौरतलब है की देश भर के 700 जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया जा रहा है। शुक्रवार को यहां चार टीम गांव फतेहगढ़, भडोग, बहलोली, गगनहेड़ी, कक्कडमाजरा, नुर्द, सपेड़ा, भीलपुरा, रतनहेड़ी, बलाना, बालापुर, बरौली पंहुची। किसानों को उन्नत तकनीकें, नई किस्में, धान की सीधी बुवाई, फसल विविधिकरण, फार्म मशीनरी, प्राकृतिक खेती, पशुओ में टीकाकरण की जानकारी दी।

### बुजुर्ग महिला से युवक कानों की बालियां लेकर फरार

**यमुनानगर।** जानकारी के मुताबिक गांव पाबनी कलां निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत देर शाम साढ़े आठ बजे के करीब उसकी 75 वर्षीय दादी सत्या देवी घेर से दूध लेकर घर जा रही थीं। इस दौरान घर के नजदीक उसे मोटरसाइकिल सवार एक युवक मिल गया। उसने खुद को उनका रिश्तेदार बताया और कहा कि उसे अपनी बहन के लिए कानों की बालियां बनवानी हैं। उसने बुजुर्ग महिला सत्या देवी को बताया कि उनके कानों में जैसी बालियां हैं वैसी ही वह अपनी बहने के लिए बनवाना चाहता है।

---

### ऑब्जर्वेशन होम के किशोर बोले ऑल इज वेल

# हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग ने ऑब्जर्वेशन होम के साथ महिला थाने का किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने शुक्रवार को अंबाला शहर स्थित ऑब्जर्वेशन होम व महिला पुलिस थाने का अवलोकन किया। यहां पहुंचने पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी व अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने न ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण करते यहां रहने वाले किशोरों की पूरी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत भी की। उन्होंने आयोग के सदस्यों को बातचीत के दौरान बताया कि वे स्टाफ के व्यवहार से खुश हैं। दोनों सदस्यों ने किशारों के कमरों में महापुरूषों के सलोग्न लिखने के लिए कहा ताकि उनके विचारों में बदलाव लाया जा सके। शेल्टर होम में कमरों के बाहर दीवारों पर दीवार घड़ी, काउंसलिंग, योग, पूजा-पाठ के लिए अधीक्षक को निर्देश दिए। इसके पश्चात आयोग के सदस्यों द्वारा महिला थाना का भी निरीक्षण किया गया व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पोक्सो के केसों की जानकारी के साथ-साथ इन केसों की एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर दी जा रही है उसकी भी समीक्षा की। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि बाल विवाह से संबंधित यदि कोई मामाला है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस के साथ-साथ चाइल्ड वेल्फेयर सोसायटी को भी दी जाए ताकि उस केस का फोलोअप करते हुए उसका फीडबैक भी लिया जा सके। इस अवसर पर डीसीपीओ ममता रानी, डीसीडब्ल्यूओ विश्वास मलिक, होम के अधीक्षक धर्मपाल, सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन रंजीता, सीडीपीओ सुमन बाला, सीडब्ल्यूसी सदस्य रेखा शर्मा व खुशपाल सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने इस मौके पर संबंधित अधिकारियों से बाल अधिकार संरक्षण को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक के दौरान हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री श्याम शुक्ला ने जिला पुलिस, विशेष किशोर पुलिस इकाई व अन्य स्टेकहोल्डर्स से अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बाल अधिकार संरक्षण बारे जागरूक करने के निर्देश भी दिए।



अंबाला। ऑब्जर्वेशन होम का मुआयना करते सदस्य। फोटो :हरिभूमि

#### पोक्सो के मामलों में हो मजबूत पैरवी

जिला बाल संरक्षण यूनिट के तत्वाधान में शुक्रवार को हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर व श्याम शुक्ला की अध्यक्षता में अंबाला शहर स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में बाल अधिकार संरक्षण के दृष्टिगत पोक्सो एक्ट एवं अन्य बाल संरक्षण से जुड़े विषयों को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं स्टेकहोल्डर्स की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों द्वारा हितधारकों से बाल अधिकार संरक्षण के तहत जिलें मे किए जा रहें कार्यों बारे विस्तार से जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने संबंधित से पोक्सो एक्ट के मामलों की पूरी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत मामलों की पूरी मजबूती से पैरवी की जाए ताकि पीडितों को न्याय मिल सकें। उन्होंने पुलिस विभाग से थानों में चाइल्ड-फ्रेंडली रूम बारे जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गुमशुदा बच्चों के मामलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। इसके अलावा, रेड लाइट क्षेत्रों व अन्य सवेदनशील स्थानो पर नियमित रूप से निगरानी रखने और बाल मजदूरी एवं अन्य बाल शोषण से जुड़े मामलों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। लाठर ने कहा कि बाल अधिकार संरक्षण व सुरक्षा को लेकर सभी हितधारकों को अपनी जिम्मेदारी का गभीरता से निर्वहन करना चाहिए।

---



तकनीकी सहायक पूर्ण सिंह को विदाई देते अधिकारी व कर्मचारी।

### तकनीकी सहायक सेवा के बाद हुए सेवानिवृत

**अंबाला।** सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग में कार्यरत तकनीकी सहायक पूरन सिंह की सेवानिवृति के उपलक्ष्य में शुक्रवार को डीआईपीआरओ कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा सहित अधिकारियों, कर्मचारियों सहित परिवार के लोगों ने भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि तकनीकी सहायक पूरन सिंह का लगभग 34 साल का कार्यकाल बहुत सरहानीय रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यक्रमों व अन्य प्रशासनिक बैठकों में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने विभाग में ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। पूर्ण ने अपने कार्य के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कार्यों में भी रूचि लेकर काम किया है जोकि सराहनीय है।

---

## नई शिक्षा नीति छात्रों के विकास को देती है प्राथमिकता

### डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की ओर से कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीबीएसई के सीओई पंचकूला के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न शहरों से आए 58 शिक्षक एवं प्राचार्य सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण विशेषज्ञ के रूप में अनुपमा शर्मा, पूर्व प्राचार्या डीएवी सोलन तथा सीबीएसई द्वारा नियुक्त अनुभवी प्रशिक्षक जिन्होंने शिक्षा जगत में चार दशकों से अधिक का योगदान दिया है। डॉ. नीरू अरोड़ा, प्राचार्या गोविंदगढ़ पब्लिक स्कूल (पंजाब) ने कार्यशाला का संचालन किया। दोनों प्रशिक्षकों ने अपने अनुभवों और गहन विषयज्ञान से प्रतिभागियों को समृद्ध किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना एवं गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। कार्यशाला का संपूर्ण संचालन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधारमण सूरी की देखरेख में हुआ। उन्होंने दोनों प्रशिक्षण विशेषज्ञों का वैदिक परंपरा अनुसार अभिनंदन किया तथा शॉल भेंट कर आभार प्रकट किया। प्रशिक्षण विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्राथमिकता देती है जिसमें लचीलापन, कौशल-आधारित अधिगम, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर विशेष बल है। साथ ही यह नीति शिक्षकों को भी सशक्त बनाते हुए निरंतर प्रशिक्षण एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित करती है। मूल्य आधारित शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण, मूल्यांकन की नई रूपरेखा, और जीवनोपयोगी कौशलों का समावेश इसके विशेष अंग हैं। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाते हुए संवाद, चर्चा वह विभिन्न क्रियाकलापों में में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी शिक्षकों ने इस नीति को अपने विद्यालय में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में नवप्रेरणा प्राप्त की। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. राधारमण सूरी ने कहा कि यह कार्यशाला न केवल शिक्षकों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बनी, बल्कि उन्हें शिक्षा के बदलते स्वरूप को समझने और अपनाने की दिशा में सशक्त मार्गदर्शन भी प्रदान कर सकी।



अंबाला। कार्यशाला के दौरान मौजूद शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

---

## पांच की जान ले चुका तालाब, बरसाती दिनों में ओवरफ्लो होने से घरों में घुस जाता है पानी

- तालाब के पानी से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, कहा पांच साल से नहीं हो पाया समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

शुक्रवार को क्षेत्र के गांव फतेहपुर-80 में रहने वाले ग्रामीणों ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उनके गांव के बीच में जो तलाब बना है बारिश के दिनों में उसका पानी गांव की कुछ गलियों में प्रवेश कर जाता है । इसके कारण गलियों में से पानी लोगों के घरों में प्रवेश कर जाता है। पानी का भराव इतना होता है कि बाहर निकलना भी मुश्किल होता है। स्कूल जाने वाले बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाते। इसके कारण कई जहरीले जीव-जंतु भी लोगों के घरों में आ जाते हैं। इस गंदे पानी के कारण बीमारियां फैलने का भी अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि यह दिक्कत पिछले 5 वर्षों से हो रही है। वे कईं बार प्रशासन को अपनी परेशानी से अवगत करा चके हैं लेकिन कोई भी सुधारात्मक कारवाई नहीं हुई। गांव के बीच में होने के कारण इस तलाब में डूबने से 5 लोगों की भी मौत हो चुकी है। आगे भी अनहोनी होने का खतरा लगातार बना रहता है। उन्होंने गुहार लगाई है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए। इस दौरान गांव की सरपंच सुनीता देवी , बलवंत कुमार, सुशील कुमार, वीरेंद्र कुमार, हरबंस लाल शर्मा, विनोद कुमार, श्याम लाल, गौरव कुमार, अमरनाथ, पवन कुमार, सतिंद्र, महिपाल, गोदूराम, विकास, विशाल, नरेश कुमार , मदन लाल भी मौजूद रहे।



---

### पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और विरासत पर व्याख्यान



**चंडीगढ़।** भारत की सबसे प्रतिष्ठित महिला नेताओं में से एक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ ने राष्ट्रवादी थीम "राष्ट्र प्रथम" के अंतर्गत पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और योगदान पर आधारित दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। पहला व्याख्यान 28 मई 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य डॉ. ममता यादव ने "पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन" विषय पर संबोधन दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. यादव ने रानी अहिल्याबाई के जीवन का एक प्रेरक वर्णन प्रस्तुत किया, जिसमें उनकी विनम्र शुरुआत, प्रारंभिक संघर्षों और एक दूरदर्शी शासिका तथा आध्यात्मिक नेता के रूप में उनके उत्कर्ष का उल्लेख किया गया। उन्होंने न्याय, जनकल्याण और समावेशी विकास के प्रति रानी के अटूट समर्पण को रेखांकित करते हुए, करुणा और नैतिक मूल्यों पर आधारित उनके शासन को अनुकरणीय बताया। सत्र का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) भोला राम गुर्जर के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की कालजयी विरासत को रेखांकित करते हुए उन्हें एक आदर्श प्रशासक बताया, जिन्होंने मंदिर निर्माण, सामाजिक सेवा और नैतिक शासन के माध्यम से "राष्ट्र प्रथम" की भावना को सर्वोपरि रखा।

---

## अहिल्या बाई ने संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहोनी ने बताया कि 31 मई 2025 को लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं स्वर्ण जयंती कुरूक्षेत्र स्थित पीपली अनाज मंडी में मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहोनी ने इस मौके पर बताया कि 21 से 30 मई तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 को चंडीगढ स्थित मुख्यमंत्री के आवास पर भी कार्यक्रम का आयोजन करके जयंती मनाई गई है जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

उन्होंने बताया कि लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर की 300वीं स्वर्ण जयंती पर कुरूक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर लोगों व समाज में भारी उत्साह है। उन्होंने इस मौके पर लोकमाता आहिल्या बाई की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर एक महान शासक, योद्धा और समाजसेवी थी जिन्होंने अपने शासनकाल में मालवा क्षेत्र को स्मृद्धि और सुरक्षा प्रदान की। लोकमाता द्वारा शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया। उन्होंने सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, लडकियों की शादी की उम्र बढाने का साहसिक कार्य किया।

लोकमाता आहिल्याबाई ने महिला होकर बेहतर शासन चलकर एक मिसाल भी पेश की है। उन्होंने कहा कि हम सभी को लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कुरूक्षेत्र स्थित पीपली अनाज मंडी में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में पाल गडरिया समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य लोगों को भारी संख्या में पहुंचने के लिए अपील की।



मीडिया से बातचीत करते रमेश पाल नोहनी।

---



### धान की सीधी बिजाई व प्राकृतिक खेती के बारे किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉक्टर बलजीत सिंह सहारण की देखरेख में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत दो टीम बनाई गई जिससे वैज्ञानिकों तथा किसानों का सीधा संवाद हो सके। टीमों का लक्ष्य जिले के विभिन्न गाँवों में जाकर किसानों को जागरूक करना और उन तक कृषि से संबंधित नई टेक्नोलॉजी को पहुंचाना है। टीम 1 की टीम लीडर डॉक्टर सरिता रानी, जिला विस्तार विशेषज्ञ और टीम 2 की टीम लीडर डॉक्टर कविता जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विभाग की अगुवाई में दोनों ही टीम ने आज तीन-तीन गांव में जाकर किसानों को खेती-बाड़ी से संबंधित विभिन्न प्रकार की नई तकनीक की वैज्ञानिक जानकारी दी। टीम 1 ने गांव प्रतापगढ़, सिरसला और कनीपला के किसानों को जागरूक किया। टीम 2 ने ऊंटसाल, कलालपुर और इसरगढ़ गांव में जागरूकता की। दोनों ही टीम में कृषि विज्ञान केन्द्र, भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ कृषि एवम किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, तथा मत्सय विभाग, तथा अन्य विभाग के अधिकारी भी थे। दोनों ही टीम ने किसानों के साथ संवाद किया। इस दौरान किसानों को धान की सीधी बिजाई, मिट्टी और पानी की जांच, प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया गया।

---

## दो साल से लटके बिल का नहीं हुआ भुगतान जानबूझकर ऑब्जेक्शन लगाने के आरोप

### पीएम व सीएम को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रबंधन पर अनुभवी लोक संगीत व नृत्य शिक्षाविद्ध बुधराम मट्टू ने भुगतान न करने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि पिछले दो सालों से वे भुगतान को लेकर विश्वविद्यालय अधिकारियों के पास चक्कर काट रहा है। पर अधिकारी बेवजह के ऑब्जेक्शन लगाकर उसका भुगतान लटका रहे हैं। मट्टू ने अब देश के देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के सीएम नायब सैनी से मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है।

वाल्मीकि परिवार से ताल्लुक रखने वाले बुधराम मट्टू ने बताया कि नवंबर 2023 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से एलुमिनी मीट एवं अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया था। विश्वविद्यालय की ओर से इन नृत्य प्रस्तुतियों की उसे जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मट्टू ने बताया कि उस संदर्भ में उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से भुगतान किया जाना था। सभी शर्तें पूरी किए जाने के बावजूद अभी तक विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें दो साल से लटके भुगतान की अदायगी नहीं की गई।जबकि वे मौखिक व लिखित तौर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी व कुलपति समेत तमाम अधिकारियों को कई बार पत्र लिख चुके हैं।मट्टू का आरोप है कि हर बार उन्हें प्रबंधन की ओर से झूठे आश्वासन ही मिले हैं। मट्टू का यह भी आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन भुगतान को लेकर उन्हें जातीय आधार पर प्रताड़ति कर रहा है। जबकि 2023 व 2024 में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बिलों की सभी को अदायगी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन की ओर से उनके बिलों पर 9 से दस ऑब्जेक्शन लगाकर लटका दिया गया है।उनके बिलों पर बार-बार आपत्तियां लगाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। शिकायत के बावजूद मेरे बिलों पर ऑब्जेक्शन लगाने वाले कर्मचारी व अधिकारियों के खिलाफ अभी तक न तो कोई जांच हुई न ही उन पर कार्रवाई हुई। मट्टू ने कहा कि अब तो सीएम व पीएम से ही इंसाफ मिलने की उम्मीद है।



बुधराम मट्टू।

---

## नौवीं कक्षा के जसमिन रंधावा ने पेंटिंग प्रतियोगिता में मारी बाजी

- रोड सेफ्टी को लेकर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, आरटीए ने विजेता छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोड सेफ्टी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल रामपुर सरसेहड़ी में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर आरटीए सुशील कुमार ने प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया। यहां पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा व अन्य स्टाफ के सदस्यों ने मुख्य अतिथि पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। आरटीए सुशील कुमार ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों की जमकर सराहना की। कहा कि सडक़ सुरक्षा के नियमों की पालना करना हम सबका दायित्व है । उन्होंने विद्यार्थियों का कहा कि वे स्वयं इन नियमों के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी इन नियमों की पालना करने बारे प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अवश्य करें। इसके साथ-साथ मोबाइल फोन चलाते समय कभी भी गाड़ी न चलाएं, सीट बेल्ट का प्रयोग भी करें। उन्होंने कहा कि नियमों की पालना करके हम अपने आप को काफी हद तक सडक़ दुर्घटना का शिकार होने से बच सकते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा ने स्कूल की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेंटिंग प्रतियोगिता में स्कूल के लगभग 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया है।

---

### स्वस्थ शरीर सभी सुखों की कुंजी है: जय भगवान

**पिहोवा।** गांधीनगर वार्ड एक दो में ओपन जिम स्थापित किया गया। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी और नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने इसका उद्घाटन किया। जय भगवान शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर सभी सुखों की कुंजी है। पहला सुख निरोगी काया कहावत को चरितार्थ करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ऐसी सौगात देकर युवाओं को सेहत बनाने के प्रति मोटिवेट किया जा रहा है।

---

### बच्चों को नियमित रूप से योग करने की प्रेरणा दी : राजबीर सिंह

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर छात्रों ने की योग क्रियाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर योग क्रियाओं का भव्य आयोजन किया गया। यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि पूरे जिले में इस विशेष आयोजन की मेज़बानी का अवसर इसी विद्यालय को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मुलाना के पूर्व विधायक राजबीर सिंह ने शिरकत की। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में पवन गुप्ता, प्रमोद राणा, जगदीश मेहरा तथा साहिल चावला भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू बाला ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट्स एंड गाइड्स कैडेट्स द्वारा अतिथियों को मंच तक सम्मानपूर्वक लाने से हुई। इसके उपरांत अतिथियों को विद्यालय की ओर से पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन संस्कृत शिक्षक राम प्रसाद ने किया। योगाचार्य कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को विभिन्न योग मुद्राएं करवाई गईं। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि केवल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि अतिथिगण एवं अध्यापक वर्ग ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता फैलाना और सही योगाभ्यास के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी योग की अद्भुत और आकर्षक मुद्राओं की प्रस्तुति दी। मुख्यअतिथि राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को नियमित रूप से योग करने की प्रेरणा दी और इसके शारीरिक व मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। उप जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद राणा ने भी योग को जीवनशैली में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को

